कार्यक्रम

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर बुढार महाविद्यालय में हुए विविध आयोजन

तकनीक व जीवन के बीच संतुलन बनाना आवश्यक

नवभारत,बुढ़ार। कॉलेज ऑफ शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढ़ार में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर महाविद्यालयीन छात्रो के मध्य प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालयीन छात्रों नें उत्साह पूर्वक अपनी सहभागिता निभाई।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस कार्यक्रम प्राणिशास्त्र विभाग उमरिया के प्राध्यापक डॉ. पी.डी. रावत के विषिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया और वे मुख्यवक्ता रहे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता बुढार महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. श्रीमती गंगा मिश्रा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री एक्सीलेंस अतिथियों नें वींणवादनी मां सरस्वती जी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजित की गई और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आदित्य राज (बीए द्वितीय वर्ष) प्रथम, प्रेरणा सहाय (बीएससी द्वितीय वर्ष) द्वितीय तथा सनी कोल (बीए प्रथम वर्ष) तृतीय स्थान पर रहे। वहीं भाषण प्रतियोगिता में प्रेरणा सहाय ने प्रथम, आदित्य राज ने द्वितीय तथा श्रेया धुर्वे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं निशा साहू, सानवती सिंह, इशरत जहाँ, भूमिका सिंह एवं मोहित सोनी को सांत्वना पुरस्कार प्रदत्त किया गया।

कार्यक्रम के मुख्यवक्ता डॉ. पी.डी. रावत ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि - अत्यधिक तकनीक का उपयोग मानसिक एवं शारीरिक विकास को प्रभावित करता है, इसलिए विद्यार्थियों को तकनीक और जीवन के बीच संतुलन बनाए रखना नितांत आवश्यक है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. गंगा मिश्रा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में - तकनीक के सकारात्मक एवं सही उपयोग पर जोर देते हुए, विद्यार्थियों को तकनीक का भरपूर सदुपयोग करने की प्रेरणा दी। महाविद्यालय की प्रध्यापक प्रो. किरण सिंह, डॉ वी.के. सोनानी एवं डॉ मनोज कुजूर ने महाविद्यालयीन छात्रों को संबोधित करते हुए तकनीक के विवेकपूर्ण उपयोग की सीख दी, जिससे वे अपने उद्देश्य में अव्वल हो सकें। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. बी.एन. उपाध्याय ने किया तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. नागमणि मानिकपुरी ने किया। कार्यक्रम अवसर पर - डॉ. एस.एम. प्रजापति, कमलेश प्रजापति, डॉ. सोम्या मिश्रा, डॉ ममता द्विवेदी, डॉ. रिशा मिश्रा, डॉ. नृपेन्द्र कर्चुली, कु. रीतिका सिंह, डॉ.आई.के. बेक, रीतेश जैन, श्रीमती अंजना जैन सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में हेमंत द्विवेदी, देवीदीन, ताहिर अली, बालकृष्ण एवं रामकिशोर का सहयोग सराहनीय रहा।

पीएसएसयू में तकनीकी शिक्षा को मिलेगा नया आयाम

नवभारत, शहडोल। पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के इन्क्यूबेशन सेंटर एवं ग्लोरियट डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड के मध्य 8 मई 2026 को कौशल विकास एवं उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण को बढ़ावा देने हेतु महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) संपन्न हुआ। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा रोजगारोन्मुख अवसर उपलब्ध कराना है।समझौता कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव आशिष तिवारी, इन्क्यूबेशन सेंटर प्रमुख प्रो. प्रवीण शर्मा, डॉ. मौशमी कर एवं डॉ. वंदना राम उपस्थित रहीं। एमओयू के पश्चात कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ आयोजित विस्तृत बैठक में छात्र-छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डेटा साइंस, वेब टेक्नोलॉजी सहित अन्य उभरती तकनीकों में प्रशिक्षण देने पर चर्चा की गई। बैठक में विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट, इंडस्ट्रियल एक्सपोजर एवं प्लेसमेंट अवसर विकसित करने पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। इसके बाद कुलपति प्रो. रामशंकर के साथ हुई बैठक में विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में दक्ष बनाने हेतु दीर्घकालिक योजनाओं पर मंथन हुआ। कुलपति प्रो. रामशंकर ने कहा कि वर्तमान समय में उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीकी दक्षता अत्यंत आवश्यक है तथा विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

भीषण गर्मी में बिजली कटौती ने बढ़ाई मुसीबतें

जनजीवन अस्त-व्यस्त, व्यापार पर गहरा असर

नवभारत, धनपुरी। भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही अनियमित और लंबी बिजली कटौती ने धनपुरी नगर के जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। दिन-प्रतिदिन बढ़ते तापमान के साथ जब बिजली आपूर्ति बाधित होती है, तो आम नागरिकों से लेकर व्यापारी वर्ग तक सभी को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर में बिजली की आंख-मिचौली ने जहां एक ओर लोगों की दिनचर्या बिगाड़ दी है, वहीं दूसरी ओर व्यापारियों की कमर तोड़ दी है। विशेष रूप से ठंडे उत्पादों का व्यापार करने वाले दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि फ्रीजर में रखी महंगी आइसक्रीम और अन्य खाद्य सामग्री बिजली न रहने के कारण पिघलकर खराब हो रही है, जिससे उन्हें प्रतिदिन हजारों रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

जलापूर्ति भी हो रही प्रभावित

स्थानीय व्यापारियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि बार-बार की बिजली कटौती के कारण ग्राहक भी दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे बिक्री पर सीधा असर पड़ रहा है। वहीं छोटे दुकानदार, जो पूरी तरह दैनिक आय पर निर्भर हैं, उनकी स्थिति और भी दयनीय हो गई है। बिजली संकट का असर केवल व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि आम नागरिकों का जीवन भी इससे बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। भीषण गर्मी में पंखे और कूलर बंद होने से घरों में रहना मुश्किल हो गया है। महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे बच्चे इस समस्या से सबसे अधिक परेशान नजर आ रहे हैं। पानी की आपूर्ति भी कई जगह बाधित हो रही है, जिससे लोगों की दैनिक जरूरतें प्रभावित हो रही हैं। नगरवासियों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से जल्द से जल्द इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं किया गया, तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। धनपुरी में बढ़ती गर्मी और लगातार हो रही बिजली कटौती ने स्पष्ट कर दिया है कि बेहतर प्रबंधन और ठोस व्यवस्था के बिना नागरिकों को राहत मिलना मुश्किल है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक प्रभावी कदम उठाता है।

फर्जी विश्वविद्यालयों से सावधान रहें विद्यार्थी

छात्रों के भविष्य की सुरक्षा के लिए उच्च शिक्षा विभाग और यूजीसी का संयुक्त जागरूकता अभियान

नवभारत, शहडोल । फर्जी विश्वविद्यालयों और अवैध शिक्षण संस्थानों के जाल से विद्यार्थियों को बचाने के लिए मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशों के तहत व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया है। प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों, शासकीयध्अशासकीय महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। यूजीसी ने वर्तमान प्रवेश सत्र को देखते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों और शैक्षणिक संस्थानों को सतर्क रहने की सलाह दी है। आयोग के अनुसार कुछ संस्थान स्वयं को विश्वविद्यालय या उच्च शिक्षण संस्थान बताकर छात्रों को आकर्षक विज्ञापनों और भ्रामक दावों के माध्यम से भ्रमित कर रहे हैं। ऐसे संस्थानों द्वारा प्रदान की गई डिग्रियां न तो उच्च शिक्षा के लिए मान्य होंगी और न ही रोजगार के लिए उपयोगी होंगी।

यूजीसी की 18 मार्च की सार्वजनिक सूचना में भी स्पष्ट किया गया है कि केवल विधिक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय एवं संस्थान ही डिग्री प्रदान कर सकते हैं तथा फर्जी संस्थानों से प्राप्त डिग्रियां किसी भी शैक्षणिक अथवा रोजगार संबंधी उद्देश्य के लिए मान्य नहीं होंगी।यूजीसी के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को प्रवेश लेने से पहले संबंधित संस्थान की मान्यता की जांच करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। विशेष रूप से कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को जागरूक करने पर जोर दिया गया है, जिससे उच्च शिक्षा में प्रवेश के समय वे किसी भी तरह की शैक्षणिक धोखाधड़ी का शिकार न हों।मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग ने इस जानकारी को सभी उच्च शिक्षण संस्थानों तक पहुंचाने के साथ व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। यह पहल विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य को सुरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

मान्यता प्राप्त संस्थान ही दे सकते हैं डिग्री

यूजीसी की 18 मार्च की सार्वजनिक सूचना के अनुसार डिग्री केवल उन्हीं विश्वविद्यालयों या संस्थानों द्वारा प्रदान की जा सकती है, जो राज्य, केंद्र या प्रांतीय अधिनियम के तहत स्थापित हों अथवा यूजीसी अधिनियम, 1956 के अनुसार अधिकृत हों।किसी भी संस्थान में प्रवेश लेने से पहले उसकी मान्यता यूजीसी की आधिकारिक सूची में जांचें। केवल विज्ञापनों के आधार पर प्रवेश न लें। यदि कोई संस्थान नियमों के विपरीत शैक्षणिक कार्यक्रम चला रहा हो, तो उसकी सूचना संबंधित प्राधिकरण को दें।

परिवार का प्रेम होता है आशा की किरण : जिला न्यायाधीश

अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस पर जिला न्यायाधीश ने बंदियों को दिया आत्मसुधार और परिवार से जुड़ाव का संदेश

नवभारत, धनपुरी /देपालपुर। अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के अवसर पर सब जेल देपालपुर में तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में एक गरिमामय विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने निरुद्ध बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार केवल रक्त संबंधों का समूह नहीं है, बल्कि प्रेम, विश्वास,धैर्य और अपनत्व की वह अमूल्य संस्था है जो व्यक्ति

को जीवन की कठिन परिस्थितियों में भी संभाले रखती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य से ही गलतियां होती हैं, किन्तु वही व्यक्ति महान बनता है जो अपनी गलतियों और भूलों से सीख लेकर जीवन को नई दिशा देता है।

बंदियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि यह समय निराश होने का नहीं, बल्कि आत्ममंथन, आत्मसुधार और नए संकल्प के साथ भविष्य निर्माण का अवसर है। जिला न्यायाधीश श्री हिदायत उल्ला खान ने कहा कि माता-पिता की दुआएँ, जीवनसाथी का विश्वास और बच्चों की प्यारी मासूम उम्मीदें व्यक्ति को पुन: सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर करती हैं। उन्होंने बंदियों से आग्रह किया कि वे शिक्षा, अनुशासन और सकारात्मक सोच को अपनाएँ तथा रिहाई के पश्चात कानून का सम्मान करते हुए जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज में पुन: स्थापित हों। जिला न्यायाधीश श्री खान ने कहा कि न्याय व्यवस्था का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि व्यक्ति को सुधार और पुनर्वास का अवसर प्रदान करना भी है। यदि परिवर्तन की सच्ची इच्छा हो, तो समाज भी खुले दिल से उसे स्वीकार करता है। इस अवसर पर सीनियर सिविल जज श्रीमती रिजवाना कौसर सुमित्रा ताहेड, दिव्या श्रीवास्तव, सहायक जेल अधीक्षक आर. एस. कुशवाह, प्रहरी संतोष देवलिया,विवेक शर्मा, भेरम सिंह धाकड़,मनोज कुशवाह, महिला प्रहरी एकता पटेल, निर्मला मोरी, नर्स शिवानी श्रीवास्तव, नायब नाज़िर दिलीप यादव सहित समस्त जेल स्टाफ तथा बंदीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में बंदियों ने आत्मसुधार, परिवार के विश्वास को बनाए रखने और समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक लौटने का संकल्प लिया। यह आयोजन बंदियों के मन में आशा, आत्मविश्वास और सकारात्मक परिवर्तन की भावना जागृत करने वाला सिद्ध हुआ।

बारिश से पहले नगर के सभी वार्डों का निरीक्षण करेंगी नपा अध्यक्ष

नवभारत , धनपुरी। मानसून की दस्तक से पहले नगर की स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा और आधारभूत व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका धनपुरी की अध्यक्ष रविंदर कौर छाबड़ा ने एक व्यापक जनहितकारी अभियान का शुभारंभ किया है। नगर के समस्त 28 वार्डों का निरीक्षण कर वे स्वयं साफ-सफाई, जल निकासी, दवा छिड़काव और विकास कार्यों की जमीनी स्थिति का जायजा लेंगी।

नगर पालिका अध्यक्ष की यह पहल केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि नगरवासियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्वच्छ वातावरण के प्रति उनकी गहरी संवेदनशीलता और जनसेवा के प्रति समर्पण का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आ रही है। नगर के नागरिक

भी इस अभियान को लेकर उत्साहित दिखाई दे रहे हैं और इसे एक दूरदर्शी एवं जन कल्याणकारी प्रयास मान रहे हैं। बरसात के मौसम में अक्सर जलभराव, गंदगी, मच्छरों का प्रकोप और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इन्हीं संभावित समस्याओं को समय रहते नियंत्रित करने के लिए श्रीमती रविंदर कौर छाबड़ा ने नगर के प्रत्येक वार्ड में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए हैं। अभियान के अंतर्गत नालियों की सफाई, जाम नालों की मरम्मत, गाजर घास एवं झाड़ियों की कटाई, कचरा निष्पादन और नियमित दवा छिड़काव जैसे कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष का मानना है कि 'स्वच्छ नगर ही स्वस्थ समाज की पहचान है।' इसी सोच को आत्मसात करते हुए वे स्वयं विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर नागरिकों से संवाद स्थापित करेंगी तथा स्थानीय समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगी। उनका यह व्यवहार प्रशासन और जनता के बीच विश्वास एवं सहभागिता का सशक्त सेतु बनता दिखाई दे रहा है। नगर के कई वार्डों में लंबे समय से जल निकासी और सफाई संबंधी समस्याएं सामने आती रही हैं। ऐसे में श्रीमती छाबड़ा ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

शौर्य संकल्प योजना से युवाओं को मिलेगा सुनहरा अवसर : मनीषा सिंह

45 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ, सेना-पुलिस भर्ती की तैयारी करेंगे युवा

नवभारत,शहडोल। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत शुक्रवार को 45 दिवसीय नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मनीषा सिंह एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों को सेना, पुलिस, होमगार्ड एवं अन्य सुरक्षा बलों की भर्ती के लिए तैयार किया जाएगा।

विधायक मनीषा सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते

हुए कहा कि शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना युवाओं को आगे बढ़ने का बेहतर अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि चयनित अभ्यर्थी पूरी लगन और अनुशासन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें, जिससे वे सेना, पुलिस एवं होमगार्ड जैसी भर्तियों में सफलता हासिल कर सकें। उन्होंने युवाओं से देश सेवा की भावना के साथ आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि यह योजना युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और शारीरिक दक्षता विकसित करने की महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम को नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने भी संबोधित किया।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि सफलता उन्हीं लोगों को मिलती है जो मेहनत, लगन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हैं। उन्होंने युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के महत्वपूर्ण गुर बताते हुए कहा कि रटने के बजाय विषयों को समझकर पढ़ें तथा स्वयं के नोट्स तैयार करें। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरों से बचने और मोबाइल का सकारात्मक उपयोग करने की सलाह भी दी। निरीक्षक पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग आशा द्विवेदी ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के 20 जिला मुख्यालयों में अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को सैन्य एवं सुरक्षा बलों में भर्ती हेतु सक्षम बनाने के उद्देश्य से यह योजना संचालित की जा रही है। शहडोल सहित भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, सतना, बैतूल एवं अन्य जिलों में पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों के लिए पृथक-पृथक आवासीय प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।उन्होंने बताया कि शहडोल में प्रशिक्षण केंद्र पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन शारीरिक प्रशिक्षण, सैद्धांतिक अध्ययन, खेलकूद एवं स्वाध्याय की नियमित समय-सारणी निर्धारित की गई है। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तीरथ गरमे सहित अन्य अधिकारी एवं चयनित अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

बुढार में कोयला, कबाड़ और सट्टा माफिया पर कसा शिकंजा

नवभारत, बुढार। थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिछले 5 महीनों से अवैध गतिविधियों के विरुद्ध पुलिस ने मोर्चा खोल रखा है। थाना प्रभारी की सक्रियता और पैनी नजर के कारण क्षेत्र में फल-फूल रहे सट्टा, कबाड़, जुआ और रेत-कोयला के अवैध कारोबार पर अब पूरी तरह विराम लगता नजर आ रहा है।

अपराध मुक्त बुढार का संकल्प

नगर निरीक्षक विनय सिंह गहरवार ने पदभार ग्रहण करते ही स्पष्ट कर दिया था कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सट्टा और जुआ जैसे सामाजिक अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए वे निरंतर मुस्तैद हैं। सूचना मिलते ही वे तत्काल पुलिस टीम को रवाना कर दबिश देते हैं और अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं।

हालिया बड़ी कार्रवाइयां

पुलिस की टीम ने पिछले कुछ दिनों में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। कोयला उत्खनन पर प्रहार: दो दिन पूर्व जमूनिहा क्षेत्र में अवैध कोयला उत्खनन की सूचना पर थाना प्रभारी ने स्वयं मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर को जब्त किया। अवैध खदानों को किया ध्वस्त: इससे पूर्व चंगेरा में कोयला खनन और जरवाही बटली घाट में अवैध रेत खदानों को पुलिस ने क्षतिग्रस्त कर दिया। संबंधित कारोबारियों पर माइनिंग एक्ट के तहत सख्त मामले दर्ज किए गए हैं। दोहरे हत्याकांड का खुलासा: कानून व्यवस्था को मजबूत करते हुए पुलिस ने बहुचर्चित बलबहारा दोहरे हत्याकांड के दो दर्जन से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुँचाया है। थाना प्रभारी की इस सक्रिय कार्यप्रणाली से क्षेत्र के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं आम जनता पुलिस की इस तत्परता की सराहना कर रही है।

मुलाकात

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने एसईसीएल महाप्रबंधक को दी चेतावनी

जनता की समस्याओं पर आर-पार की जंग

नव,भारतधनपुरी। क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण, जर्जर सड़कों और स्थानीय युवाओं की बेरोजगारी जैसे ज्वलंत मुद्दों को लेकर बुढ़ार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अब आक्रामक रुख में नजर आ रही है। ब्लॉक अध्यक्ष अंकित सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने एससीएल सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बी.के. जैना से मुलाकात की और क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर कड़े शब्दों में जवाब तलब किया।

प्रदूषण और धूल से मिलेगी राहत, अधिकारियों की बढ़ेगी निगरानी

बैठक के दौरान अंकित सिंह ने कोल डस्ट (कोयले की धूल) से होने वाली बीमारियों और राहगीरों की परेशानी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इस पर प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि अब सड़कों पर दिन में 3 से 4 बार नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया

जाएगा। खास बात यह है कि यह कार्य अब केवल कागजों पर नहीं, बल्कि सीधे अधिकारियों की निगरानी में होगा ताकि गुणवत्ता बनी रहे।

बुनियादी ढांचे में सुधार : शेड निर्माण और कांक्रीट सड़क

रेलवे क्रॉसिंग धनपुरी नंबर 1 के पास धूप और बरसात में खड़े रहने वाले राहगीरों, विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों के लिए बड़ी राहत की खबर है। प्रबंधन ने क्रॉसिंग के दोनों ओर जल्द ही शेड निर्माण कराने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही, बघैया पुल से सुभाष चौक होते हुए अमलाई फाटक तक नई कंक्रीट सड़क का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्रीय आवागमन सुगम हो सकेगा।

बेरोजगारी और 'गोप' विवाद पर चर्चा

स्थानीय बेरोजगार युवाओं की चिंता करते हुए कांग्रेस दल ने महाप्रबंधक के सामने अपनी बात रखी। प्रबंधक ने आश्वस्त किया कि वे जल्द ही ठेकेदारों के साथ बैठक कर स्थानीय युवाओं को रोजगार दिलाने का निवारण करेंगे। वहीं, 'गोप' होने की चर्चाओं पर प्रबंधन ने उच्च स्तरीय जांच का आश्वासन दिया है। इस पर कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि 'अगर जनता के हित में कार्य हो रहा है और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, तो हमें कोई आपत्ति नहीं है। हमारा क्षेत्र की जनता से पारिवारिक रिश्ता है। यदि घर-घर पानी पहुँचता है, तो हमें खुशी होगी।'

अंतिम चेतावनी : 'अब संवाद नहीं, चक्काजाम होगा

अंकित सिंह ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि कोल डस्ट और पानी की समस्या का स्थायी निराकरण समय सीमा के भीतर नहीं हुआ, तो इस बार प्रबंधन से कोई संवाद नहीं किया जाएगा, बल्कि सीधे चक्काजाम कर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदूषण को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अब दूरदृष्टि के साथ सड़क पर उतरने की पूरी तैयारी कर चुकी है। इस महत्वपूर्ण बैठक और घेराव के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अंकित सिंह के साथ वरिष्ठ नेता संतोष सिंह सेंगर, ईबरार खान, राम सिंह मंडलम अध्यक्ष ओंकार सिंह सहित अन्य स्थानीय कांग्रेसी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

टेक्निकल इंस्पेक्टरों का स्थानांतरण

तत्काल कार्यभार संभालने के निर्देश

नवभारत , धनपुरी। एसईसीएल सोहागपुर एरिया के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाली कोयला खदानों में पदस्थ तकनीकी निरीक्षक (टेक्निकल इंस्पेक्टर) कि स्थानांतरण एरिया प्रबंधन के द्वारा विभिन्न कोयला खदानों में किया गया है जिन्हें तत्काल अपने नवीन कार्यस्थल में कार्यभार संभालने की बात कही गई है।

एरिया प्रबंधन की ओर से तकनीकी निरीक्षकों के जो स्थानांतरण किए गए हैं उनमें खैरहा भूमिगत खदान में पदस्थ अनिल कुमार पाल का स्थानांतरण बुढार सायडिंग के लिए किया गया है जबकि उनके स्थान पर बंगवार भूमिगत खदान में पदस्थ तकनीकी निरीक्षक मुकेश तिवारी को खैरहा खदान में पदस्थ दिया गया है मुकेश तिवारी लंबे समय से बंगवार भूमिगत खदान में पदस्थ थे और यहां पर उनके कार्य प्रणाली को लेकर भी लगातार सवाल उठ रहे थे और यही वजह भी है कि उनके यहां से स्थानांतरण किया गया इसी तरह अमलाई ओपन कास्ट में पदस्थ भारत प्रसाद कचेर का स्थानांतरण संगमा साइडिंग में किया गया है रवि शंकर मिश्रा असिस्टेंट टेक्निकल इंस्पेक्टर जो की रामपुर ओपन कास्ट में पदस्थ हैं उनका स्थानांतरण अमलाई ओपन कास्ट में किया गया है असिस्टेंट टेक्निकल इंस्पेक्टर शक्ति सिंह परिहार का स्थानांतरण बुढार साइडिंग से रामपुर ओपन कास्ट के लिए किया गया है वही बुढार साइडिंग में पदस्थ रविंद्र कुमार विश्वकर्मा का स्थानांतरण राजेंद्र भूमिगत खदान के लिए किया गया है जूनियर टेक्निकल इंस्पेक्टर वरुण द्विवेदी का संगम साइडिंग से दामिनी भूमिगत खदान के लिए स्थानांतरण किया गया है जिन्हें अपने स्थानांतरित कार्यस्थल में कारभार संभालने की बात कही गई है।